# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा खेल के लिये दावेदारी की

## भजनलाल ने राज्य की प्रतिभा निखारने के लिये उत्कृष्टता केन्द्र व सैन्टर ऑफ एक्सलैंस के लिये भी आग्रह किया

- **केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में बहुत खेल प्रतिभायें है। राष्ट्रीय युवा खेल की मेज़बानी से युवाओं को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।**

जयपुर, 3 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2026 में "खेलो इण्डिया" राष्ट्रीय युवा खेलों की मेज़बानी राजस्थान को देने के लिए केन्द्र सरकार से औपचारिक अनुरोध किया है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र एवं खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सलैंस की स्थापना के लिए भी केन्द्र सरकार से आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को लिखे पत्र में कहा कि खेलो इण्डिया राष्ट्रीय युवा खेल 2026 की मेज़बानी राजस्थान को मिलने से युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय खेल संस्कृति, खेलों के बुनियादी ढांचे और प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस आयोजन की तैयारी के उद्देश्य से खेलों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए 250 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत किए जाने का भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जयपुर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र खोलने से स्थानीय एथलीटों को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में भी मदद मिलेगी। खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सलैंस भी आधुनिक खेल प्रशिक्षण सुविधाएं और विशेषज्ञ कोचिंग उपलब्ध कराने में उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने गत दिसम्बर में केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री से मुलाकात के दौरान भी इस बारे में चर्चा की थी।

# भजनलाल सरकार 2025 में 81 हजार नौकरियाँ देगी

जयपुर, 3 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की युवाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके द्वारा तत्परता के साथ लिए जा रहे निर्णय युवाओं के सरकारी नौकरी के सपनों पूरा करने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा पारदर्शिता के साथ भर्ती परीक्षाओं के आयोजन से लेकर समय पर नियुक्तियां प्रदान की जा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि नववर्ष की शुरूआत से पहले ही लगभग 81 हजार सरकारी नौकरियों के लिए वर्ष 2025 में होने वाली परीक्षाओं का कलेण्डर जारी किया गया।

- **पूरे वर्ष का परीक्षा कलैण्डर घोषित, जनवरी में 13,500 नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे।**

साथ ही, इसी माह में लगभग 13 हजार 500 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा कार्यकाल के पहले ही वर्ष में लगभग 47 हजार पदों पर युवाओं को नियुक्तियों की सौगात दी गई है। इसी तरह लगभग 15 हजार पदों के लिए पूर्ण पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा चुकी परीक्षाओं के परिणाम भी शीघ्र जारी किए जाएंगे।

# आयकर विभाग को उत्कर्ष में बच्चों की संख्या व फीस का रिकॉर्ड नहीं मिला

## उत्कर्ष कोचिंग के 19 ठिकानों पर आयकर विभाग की डेढ़ दर्जन टीमें दूसरे दिन भी कार्यरत रहीं

- **सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग की टीमों के फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने जोधपुर में उत्कर्ष के मुख्यालय तथा निदेशक निर्मल गहलोत के बंगले से बड़ी मात्रा में डिजिटल सबूत जुटायें।**

जोधपुर, 3 जनवरी (कासं)। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले उत्कर्ष कोचिंग के विभिन्न सैंटरों पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी आयकर विभाग द्वारा छापा मारने की कार्रवाई जारी रही। गुरुवार सुबह से चल रही कार्रवाई के तहत, आज जोधपुर के 14 और जयपुर, प्रयागराज और इंदौर के एक-एक ठिकानों पर आयकर सर्वे चल रहा है। अब तक के सर्वे में, टीम को बच्चों की फीस और किस कोर्स में कितने स्टूडेंट हैं, इनका रिकॉर्ड नहीं मिला है। टीम ने डिजिटल सबूत के तौर पर यहां मिले रिकॉर्ड की क्लोनिंग भी की है।

आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा की महानिदेशक रेणू अमिताभ और निदेशक अवधेश कुमार के निर्देशन में, अतिरिक्त निदेशक डॉ. संग्राम रमेश जगदाले के नेतृत्व में विभाग की डेढ़ दर्जन टीमों ने तीन राज्यों में उत्कर्ष कोचिंग के 19 ठिकानों पर गुरुवार को छापे मारे थे।

सूत्रों के मुताबिक, कुछ महीनों पहले फिज़िक्स वाला और उत्कर्ष कोचिंग के बीच हुई 800 करोड़ की डील के बाद यह मामला रडार पर आया था। आयकर विभाग को ऐसी शिकायतें मिलीं कि फिज़िक्स वाला के साथ शेयर डील में उत्कर्ष कोचिंग संचालक ने बड़ा घपला किया है। आठ सौ करोड़ से अधिक की इस डील में बड़े पैमाने पर अघोषित लेन-देन शामिल है।

आयकर विभाग को इस डील की जानकारी मिली तो उसने डॉक्यूमैंट खंगाले। विभाग के हाथ लगे मेन डॉक्यूमैंट से करोड़ों रुपए का घोटाला साफ हो गया। डील में बड़े पैमाने पर कैश में लेन-देन सामने आया है। यह भी सामने आया है कि संचालक की ओर से बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की गई है। छापेमारी में बड़ी मात्रा में कैश और ज्वैलरी मिली है, जिसकी कीमत का अनुमान लगाया जा रहा है।

आयकर सूत्रों के अनुसार, पहले दिन आयकर विभाग की टीमों के फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने कोचिंग समूह के बासनी मंडी के सामने स्थित मुख्यालय और कंपनी के निदेशक निर्मल गहलोत के उम्मेद हैरिटेज स्थित बंगले पर बड़ी मात्रा में जो डिजिटल सबूत जुटाए, उन सभी की क्लोनिंग की गई है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में दस्तावेज भी कब्जे में लिए हैं। आयकर अधिकारियों की प्रारंभिक छानबीन में पता चला है कि समूह ने बड़ी मात्रा में छात्रों से नकद में ली फीस को रिकॉर्ड में नहीं दर्शाया। इतना ही नहीं, समूह के अनगिनत ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लासेज-कोर्सेज में कुल कितने छात्र हैं, उनकी संख्या में भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

कार्रवाई के दूसरे दिन शुक्रवार को, आयकर अधिकारियों ने पहले दिन जुटाए गए डॉक्युमैंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, जिनमें मोबाइल, लैपटॉप, पैन ड्राइव आदि शामिल हैं, को क्लोन करने के बाद छानबीन शुरू की। इसके साथ ही, निदेशकों के बैंक खाते खंगाले जा रहे हैं। कोचिंग समूह पर छापे की कार्रवाई के तहत, आयकर विभाग की टीमों द्वारा समूह से जुड़े अन्य लोगों और व्यवसायियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इनमें समूह को कम्प्यूटर हार्डवेयर सप्लाई करने वाले हरी एंटरप्राइजेज़, प्रिंटिंग का काम करने वाले जैन समूह, कोचिंग के अकाउंटिंग विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले और अन्य मटीरियल सप्लाई करने वाले बड़े वैंडर्स पर भी कार्रवाई की गई है।

# बिहार में परीक्षा रद्द करने के आंदोलन ने जोर पकड़ा

## बिहार बंद, ट्रेन व बस रोकी गयीं, छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास घेरने का प्रयास किया

- **प्रशांत किशोर का गांधी मैदान पर आमरण अनशन जारी रहा। जिला प्रशासन ने गांधी मैदान पर धरना देने को अवैध घोषित किया।**

पटना, 03 जनवरी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द करने, मृत छात्र को पांच करोड़ का मुआवजा और पुलिस लाठीचार्ज के दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर, सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद के आव्हान पर आज उनके समर्थकों ने ट्रेन और बसों को रोककर प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ विपक्षी दलों के छात्र संगठन मुख्यमंत्री (सीएम) आवास को घेरने निकले तथा जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

सांसद यादव के समर्थक शुक्रवार सुबह पटना के सचिवालय हॉल्ट पहुंचे और पैसेंजर ट्रेन और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को रोका। बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग के समर्थन में रेलवे ट्रैक पर लेट गए। हालांकि पहले से तैनात और मुस्तैद पटना पुलिस ने यादव के समर्थकों को ट्रैक से हटाया और रेल सेवा को बहाल किया। यादव भी सचिवालय हॉल्ट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सचिवालय हॉल्ट से आयकर गोलंबर तक पैदल मार्च किया।

प्राप्त सूचना के अनुसार, यादव के समर्थकों ने मधेपुरा स्टेशन पर भी एक पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया। इसके साथ ही, उन्होंने बिहार के 12 जिलों पटना, रोहतास, भोजपुर, सुपौल, किशनगंज , मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, लखीसराय, औरंगाबाद, भागलपुर और अररिया में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्गों को जाम किया है।

यादव ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि वह बीपीएससी छात्रों के लिए लाठी-गोली खाने की तैयार हैं तथा सदन से सड़क तक बीपीएससी छात्रों की लड़ाई लड़ेंगे। वे बीपीएससी की दुबारा परीक्षा कराने को लेकर उच्चतम न्यायालय तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल से बात हुई है। पेपर लीक आज के समय का सबसे बड़ा मुद्दा हैं।

इस बीच, इंडिया गठबंधन के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए), अखिल भारतीय छात्र संघ (एआईएसएफ) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग के समर्थन में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहा पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। हालांकि इस घेराव में शामिल छात्रों ने पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और आगे निकल गए।

वहीं, जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बीपीएससी छात्रों के साथ बिहार की ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ पांच मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

गौरतलब है कि बीपीएससी 70वीं पीटी की परीक्षा 13 दिसंबर 2024 को हुई थी। अभ्यर्थियों ने कहा था कि पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर हुई परीक्षा का पेपर उस दिन ही लीक हो गया था। आयोग ने भी गड़बड़ी मानी थी और बापू परीक्षा केंद्र पर दुबारा परीक्षा करवाने की बात कही थी। उसी दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे एक अभ्यर्थी को पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और परीक्षार्थी गर्दनीबाग में धरने पर बैठ गए।

इस कड़ी में बीपीएससी की पीटी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर प्रशांत किशोर के आव्हान पर 29 दिसंबर 2024 को गांधी मैदान में छात्र संसद हुई। मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे कैंडिडेट्स पर तीसरी बार लाठीचार्ज किया गया। किशोर, उनकी पार्टी जन सुराज के अध्यक्ष मनोज भारती, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्रा, कोचिंग संचालक रहमांशु मिश्रा समेत 21 लोगों पर नामजद और 600 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

## कोचिंग सैन्टरों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अदालती आदेश की पालना में 33 जिलों के कोचिंग सेंटरों की सूची पेश की गई। अदालत ने शेष जिलों के कोचिंग सेंटरों की सूची भी पेश करने को कहा है।

दूसरी ओर कोचिंग सेंटर्स की ओर से कहा गया कि गाइडलाइन की पालना नहीं करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। कोचिंग सेंटरों की बढ़ती संख्या को विनियमित करने के लिए उनका पंजीकरण किया जाना चाहिए। कोचिंग सेंटर्स की ओर से यह भी कहा गया कि गाइड लाइन के बजाए, इस संबंध में कानून बने तो बेहतर होगा।

इस पर अदालत ने कहा कि फिलहाल गाइडलाइन के तहत कोचिंग सेंटरों का पंजीकरण कर उसमें बताए पैरामीटर की पालना सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि कोचिंग सेंटरों के विद्यार्थियों के द्वारा आए दिन आत्महत्या करने को लेकर हाईकोर्ट ने कुछ वर्षों पहले स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

# दो दिन और रहेगा उत्तर भारत में घना कोहरा

- **कश्मीर में बर्फबारी तथा पंजाब-हरियाणा में दिन में भी सर्दी होने का अनुमान है।**

नयी दिल्ली, 03 जनवरी। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमोत्तर भारत के मैदानी इलाकों में अगले दो से तीन दिन बारिश होने और घना कोहरा छाये रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि अगले दो दिनों तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाने और दिन में सर्द स्थिति रहने का अनुमान है। उसके बाद स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

मौसम विभाग ने कहा, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 07 जनवरी तक और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 05 और 06 जनवरी को बारिश होने के आसार हैं।

वहीं, 04 और 05 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में भी भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।

विभाग ने कहा, 03 और 04 जनवरी को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में दिन में ठंड रहने के आसार हैं।

विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का भी संकेत दिया है। वहीं, 24 घंटों के दौरान पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद के 2-3 दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

## 'जूनियर इंस्ट्रक्टर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने की रियायत का कोई जिक्र नहीं किया। राजस्थान में इस भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देते हुए किशोर कुमावत समेत कई अभ्यर्थियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने इन सभी अभ्यर्थियों को ऑफलाइन आवेदन फॉर्म भरने के आदेश दिए थे। परंतु इन अभ्यर्थियों ने नियम-प्रक्रिया के कानून को चुनौती नहीं दी थी, इसलिए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को खंडपीठ में अपनी याचिका दायर करने की छूट दी थी।

उल्लेखनीय है कि जूनियर इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति 84 में से 16 ट्रेड्स में की जा रही है, जिसमें हजारों पद खाली पड़े हैं। याचिकाकर्ता की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ में कहा गया कि, यह नियम-कायदे केन्द्र सरकार के अधीन आते हैं, जबकि केन्द्र सरकार ने नियुक्ति के बाद 3 वर्ष में सर्टिफिकेट पेश करने की छूट दी थी तो राज्य सरकार ने यह रियायत क्यों नहीं दी। इस दलील को स्वीकारते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने उन सभी याचिकाकर्ताओं को भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के लिए कहा है, जिनके पास सी.आई.टी.एस. सर्टिफिकेट नहीं हैं, लेकिन उन्होंने ऑफलाइन-ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर दिए हैं। अब इस मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद पुनः होगी।

# कुकी समुदाय के हमले में पुलिस अधीक्षक घायल

- **कुकी समुदाय इंफाल पूर्वी जिले में बॉर्डर पर गाँव से सुरक्षा बल हटाने की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने एस.पी. कार्यालय पर हमला कर दिया।**

इंफाल, 03 जनवरी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार शाम को कुकी समुदाय के लोगों ने पुलिस अधीक्षक (एस.पी.) ऑफिस पर हमला कर दिया। हमले में एस.पी. मनोज प्रभाकर सहित कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, कुकी लोगों की मांग इंफाल पूर्वी जिले के बॉर्डर पर मौजूद गांव सैबोल से सुरक्षाबल को हटाने की है। समुदाय का आरोप है कि एस.पी. ने सेंट्रल फोर्स को गांव से बाहर नहीं निकाला है।

अधिकारियों ने कहा कि आदिवासी एकता समिति ने डिप्टी कमिश्नर ऑफिस भी बंद कराया, ऑफिस पर फायरिंग की गई और पत्थर फेंके गए। कई वाहनों को नुकसान हुआ है। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए हैं।

दरअसल, सैबोल गांव में 31 दिसंबर को सुरक्षाबलों ने कथित तौर पर महिलाओं पर लाठीचार्ज किया था। इसके विरोध में कुकी संगठन के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।

घटना थमनपोकपी के पास उयोकचिंग इलाके में हुई थी। भीड़ ने आर्मी, बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती में बाधा पहुंचाई थी।

पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा था, जिससे स्थिति कंट्रोल में आई। सुरक्षाबलों को पहाडी इलाकों में तैनात किया गया। घटना के विरोध में आदिवासी एकता समिति ने मांग की थी कि सेंट्रल फोर्सेस को गांव से वापस बुलाया जाए।

# अल्लू अर्जुन को जमानत मिली

हैदराबाद, 03 जनवरी। अल्लू अर्जुन को शुक्रवार को नामपल्ली कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई है। यह केस संध्या थिएटर में हुई भगदड़ के मामले से संबंधित है। 4 दिसंबर को जब अभिनेता की फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग संध्या थिएटर में हो रही थी, तभी भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया था। बीते 13 दिसंबर को चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत देते हुए हाई कोर्ट ने अल्लू अर्जुन से नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने को कहा था। अल्लू अर्जुन को 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रीमियर शो के दौरान हुई भगदड़ के सिलसिले में दर्ज मामले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। अभिनेता को नामपल्ली कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# कोटा में हुआ वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफल ट्रायल

## जल्दी ही लम्बी दूरी के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरु कर दी जाएगी

- **कोटा डिवीज़न में तीन दिन से वंदे भारत का सफल ट्रायल चल रहा है, जिसके ट्रेन ने फुल लोडेड (एच.एम.पी.वी.) स्थिति में 180 किलोमीटर प्रति घंटा की चरम रफ्तार प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की।**
- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर सफल ट्रायल की जानकारी दी।**
- **ट्रायल एक माह तक चलेंगे, उसके बाद वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लॉंच की दी जाएगी।**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। राजस्थान के कोटा डिवीज़न में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफल ट्रायल हुआ जिसमें ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटा की उच्चतम रफ्तार पकड़ने में भी सफलता प्राप्त की।

कोटा डिवीज़न में गत तीन दिन से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल चल रहा है जो इस माह के अंत तक चलेगा उसके बाद लम्बी दूरी के रेल यात्रियों के लिए भी वंदे भारत ट्रेन शुरु कर दी जाएगी।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की है। जानकारी के मुताबिक, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का यह परीक्षण जनवरी के अंत तक जारी रहेगा। उसके बाद देश भर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्व-स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्थान के कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इसकी गति का जिक्र किया है।

इस वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास रखा हुआ है। जो कि ट्रेन के 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ने के दौरान पूरी तरह से स्थिर देखा जा सकता है। शुरुआत में चलती ट्रेन की गति 180 किलोमीटर प्रति घंटे से नीचे फिर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति हासिल करती है। रेलवे की तरफ से यह पोस्ट 3 दिनों के सफल परीक्षणों के बाद आया है, जो 2 जनवरी को खत्म हुआ है, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी फुल लोडेड स्थिति में अधिकतम गति हासिल की।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को राजस्थान के बूंदी जिले में कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिलकी। वहीं इसने 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की थी। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सैक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की थी। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे। एक बार ट्रेन के परीक्षण पूरे हो जाने के बाद, रेलवे सुरक्षा आयुक्त की तरफ सेअधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। जबकि अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही, वंदे भारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा।

## मनमोहन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गौरतलब है कि डॉ सिंह का पिछले माह 26 दिसंबर को निधन हो गया था और 28 दिसंबर को उनका निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## हाई कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसलिए उन्हें जमानत का लाभ दिया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि आरोपियों ने एक राय होकर हिंसा की है और वे आगजनी के आरोपी भी हैं। यदि उन्हें जमानत दी गई तो वे साक्ष्य को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए उनकी जमानत याचिकाओं को रद्द किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि गत 13 नवंबर को देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव के दौरान, निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मारा था। बाद में जब नरेश मीणा को हिरासत में लिया गया तो उसके समर्थकों ने प्रदर्शन और आगजनी की थी। इसके बाद नगरफोर्ट थाना पुलिस ने याचिकाकर्ताओं सहित, दर्जनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# चीन में एक और वायरस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिम्पोमा से पीड़ित लोग, इम्यूनोकम्प्रोमाइज्ड लोग तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोग एस.एम.पी.वी. से अपेक्षाकृत जल्दी संक्रमित होते हैं।

जीवन में एक बार एच.एम.पी.वी. से संक्रमित होने के बाद, बार-बार संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है। दुनिया में 6-40 प्रतिशत श्वसन संबंधी प्रचंड बीमारियों का कारण यही वायरस है। उम्रदराज लोगों के अलावा, अन्य आयु वर्ग के लोगों में एच.एम.पी.वी. का संक्रमण हल का रहता है। इसके कारण गंभीर बीकारियाँ, जिनमें निमोनिया तथा ब्रॉन्काइटिस शामिल है, होती हैं तथा इसके 50 प्रतिशत रोगियों की मृत्यु हो जाती है तथा अस्पताल में भती 60 प्रतिशत लोगों में विकृति पैदा हो जाती है। ऐसा अनुमान है कि बच्चों के मामले में एच.एम.पी.वी. संक्रमण की वार्षिक दर के अनुसार, 1000 बच्चों में 55 बच्चे इससे पीड़ित होते हैं। एक हजार में से एक बच्चा ही अस्पताल में भर्ती होता है, जबकि, बच्चों की तुलना में, वयस्कों में संक्रमण की दर 3 प्रतिशत है। जटिल बीमारियों से ग्रस्त लोग इस आँकड़े में शामिल नहीं है।

ऐसा माना जाता है कि एच.एम.पी.वी. की उत्पत्ति पक्षियों से होती है। यह एवियन मेटान्यूमोवाइरस (एम.एम.पी.वी.) से नज़दीकी से जुड़ा है। ए.एम.पी.वी. पक्षियों, खासतौर से मुर्गों को संक्रमित करता है। जेनेटिक शोध बताते हैं कि एच.एम.पी.वी. तथा ए.एम.पी.वी.-दोनों के पूर्वज एक ही थे। हज़ारों साल पहले, एम.एम.पी.वी. का रुख मानवों की ओर हो गया था।

इस वायरस की पहचान सबसे पहले 2001 में नीदरलैण्ड्स में उस समय हुई, जब शोधकर्ताओं की एक टीम बच्चों के श्वसन संबंधी सैम्पलों का विश्लेषण कर रही थी तथा श्वसन संबंधी संक्रमण के कारण का पता नहीं चल रहा था। उसके बाद, तत्संबंधी अध्ययनों ने बताया कि एच.एम.पी.वी. दशकों से पूरी दुनिया के मानवों तक पहुँच चुका है, भले ही इसकी खोज बाद में हुई हो।

अध्ययनों में बताया गया है कि अन्य वायरस तथा बैक्टीरिया के साथ सह-संक्रमण लक्षणों तथा बीमारियों की तीव्रता बढ़ जाती है। ये लक्षण हल्के (खाँसी-बुखार) से लेकर ज्यादा गंभीर (ब्रॉन्काइटिस तथा निमोनिया) तक फैले हुये है तथा ये श्वसन संबंधी अन्य वायरल संक्रमणों जैसे ही होते हैं।

एच.एम.पी.वी. आमतौर से, कोविड-19 की तुलना, कम गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। इससे श्वसन संबंधी गंभीर स्थितियाँ तो पैदा हो सकती है, लेकिन इसके कारण वैशिक महामारी या सार्स-कोव-2 जैसी बड़े पैमाने पर मौतें नहीं हुई हैं। ज्ञातव्य है कि सार्स-कोव-2 नामक वायरस कोविड-19 के लिये जिम्मेदार था।

इसके अलावा खासतौर से एच.एम.पी.वी. के लिये एंटीवायरल दवाएं उपलब्ध नहीं है, जबकि फ्लू तथा कोविड-19 के लिये इलाज उपलब्ध था।

## 2002 के मर्डर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाँच के आदेश दिये, जो कुरुक्षेत्र के पुलिस स्टेशन सदर, थानेसर में दर्ज था।

जब ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ, यह प्रकरण उच्च न्यायालय पहुँचा, तो न्यायालय ने पाया कि सी.बी.आई. अपराध के उद्देश्य तक नहीं पहुँच सकी है, बल्कि प्रॉसिक्यूशन केस पर "सन्देहों का पर्दा पड़ा हुआ है।"

राम रहीम हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में है तथा अपनी दो शिष्याओं के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है।

सी.बी.आई. के आरोप पत्र के अनुसार, गुरमीत राम रहीम सिंह को यह संदेह था कि रणजीत सिंह डेरा अनुयाइयों में गुमनाम पत्र बाँट रहा है, जिनमें राम रहीम पर यह आरोप लगाया गया है कि वह डेरा में अपनी शिष्याओं का यौन-शोषण करता था। इस पत्र के आधार पर ही, राम रहीम के खिलाफ 2002 में दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था।

# प्र.मंत्री मोदी ने केजरीवाल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हुये, प्रधानमंत्री ने कहा, "यह वर्ष राष्ट्र निर्माण तथा जन-कल्याण पर केन्द्रित नई राजनीति लाएगा। इसलिये, "आपदा" हटनी चाहिये तथा भाजपा लाई जानी चाहिये।"

मोदी ने कहा कि केन्द्र के प्रयासों, जिसमें आयुष्मान भारत चिकित्सा योजना की लॉन्चिंग भी शामिल है, के बावजूद, आप ने दिल्ली में इन योजनाओं को रोक दिया है तथा इनके लाभ दिल्लीवासियों तक नहीं पहुँचने दिये हैं।

इस बीच, आप प्रमुख ने प्रधानमंत्री के भाषण पर पलटवार किया और भगवा पार्टी को "गरीबों की दुश्मन" बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने "दिल्ली में कच्ची बस्तियों और झुग्गी -झौंपड़ियों को ध्वस्त करके, दो लाख से अधिक लोगों को बेघर कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी की इस टिप्पणी, कि दिल्ली में "आपदा" है, का उल्लेख करते हुये, केजरीवाल ने कहा, "भाजपा के सामने "आपदा" यह है कि उसके पास न तो मुख्यमंत्री का कोई चेहरा है, न बताने के लिये कोई उपलब्धि है और न दिल्ली के चुनावों के लिये कोई मुद्दे हैं।"

इसके अलावा, प्रधानमंत्री द्वारा उन पर किये गये "शीशमहल" के कटाक्ष की प्रतिक्रिया में कहा कि वे स्वयं को व्यक्तिगत हमले में नहीं उलझाते।

अशोक विहार की सभा में बोलते हुये, प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली पर यह "आपदा" आप के रुप में आई है। "इसलिये, दिल्ली के निवासियों ने इस "आपदा" के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। दिल्ली के मतदाताओं दृढ़ निश्चय कर लिया है कि दिल्ली को इस "आपदा" से मुक्त कर देंगे।"

उन्होंने कहा कि आप सरकार पहले तो भ्रष्टाचार में लिप्त होती है और फिर उसका महिमामंडन करती है। उन्होंने कहा, "पहले चोरी और फिर सीनाजोरी।"

राजधानी के मतदाताओं से अपील करते हुये, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस "आपदा" (आप) को हटाना है और भाजपा सरकार को लाना है।

## कांग्रेस ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कांग्रेस की तरफ से जारी प्रेस विज्ञिप्त में कहा गया है कि केन्द्रीय चुनाव समिति ने कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से दिल्ली विधान सभा के आगामी आम चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अलका लांबा की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। अलका लांबा ने नए साल पर कालकाजी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की थी। इसके बाद से ही अटकलें लगने लगी थीं कि वे यहां से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

टिकट मिलने पर अलका लांबा ने पार्टी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मैं चौथी बार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हूं। उन्होंने कहा कि मेरी लड़ाई प्रदूषित हवा, प्रदूषित यमुना और अपराध के खिलाफ है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908